**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 11-10-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-10-11 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-10-12 | 2022-10-13 | 2022-10-14 | 2022-10-15 | 2022-10-16 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 5.0 | 8.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 28.0 | 30.0 | 31.0 | 31.0 | 32.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 20.0 | 20.0 | 19.0 | 19.0 | 19.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 85 | 80 | 70 | 70 | 70 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 55 | 60 | 50 | 40 | 40 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 130 | 130 | 310 | 310 | 310 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 2 | 3 | 1 | 1 | 1 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (4 - 10 अक्टूबर, 2022) में 261.2 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 21.5 से 35.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 18.9 से 24.8 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 84 से 96 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 57 से 85 प्रतिशत एवं हवा 0.5 से 7.3 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 11 व 12 अक्टूबर को हल्की की सम्भावना है तथा शेष दिन आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 28.0 से 32.0 व 19.0 से 20.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 16 से 22 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|चारा की फसल से अतिरिक्त पानी निकाल दें जिससे खेत सूख जाये तथा गिरी हुई फसल उठ सके।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 11 व 12 अक्टूबर को हल्की की सम्भावना है तथा शेष दिन आमतौर पर मौसम साफ रहेगा।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | असिंचित अवस्था में गेहूँ की उन्नतशील किस्मे जैसे-सी 306, पी बी डब्लू 175, पी बी डब्लू 396, पी बी डब्लू 299, पी बी डब्लू 527 की बुवाई अक्टूबर के द्वितीय पखवाड़े में करे। |
| बरसीम | बरसीम की बुवाई 15 अक्टूबर से शुरु करे। बरसीम की उन्नत किस्म- यू0पी0बी0-110, मस्कावी, पूसा जायन्ट, बरदान का चुनाव करें। तथा बीज दर 25-30 किलोग्राम/है0 रखे। |

बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| बैंगन | यदि बैंगन का खेत बहुत ज्यादा नहीं है और तना बेधक कीट की समस्या है तो ग्रसित शाखा को ग्रसित भाग के एक इंच नीचे से तेज चाकू या ब्लेड से काटकर अलग कर दें। इसमें दवा डालने की आवश्यकता नहीं होती है और शाखाएं फिर से आ जाती है। |
| गोभी | इस माह की दूसरे, तीसरे सप्ताह तक पछेती गोभी की रोपाई भी की जा सकती हैं। इसमें 150 कि0ग्रा0 नत्रजन, 80 कि0ग्रा0 फास्फोरस, 60 कि0ग्रा0 पोटाश उर्वरक की आवश्यकता है। जिसमें से आधी मात्रा नत्रजन व सम्पूर्ण फॉस्फोरस खेत की अंतिम जुताई के समय डालें व बची हुई नत्रजन को पौध रोपण के 30-35 दिन बाद व 60-65 दिन बाद करें। पौध रोपण की दूरी 60 से0मी0 कतार से कतार और 50 से0मी0 पौध से पौध रखें। |

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भैंस | पशुओं के लिए हरे चारे में दलहनी चारा सर्वोत्तम आहार है जो पशुओं के जीवन यापन के साथ-साथ उत्पादन में भी सहायक होता है। अतः पशुपालकों से निवेदन है कि पशुओं को स्वस्थ रखने व अधिकाधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु सर्वोत्तम दलहनी चारा (बरसीम) अवश्य बोयें क्योंकि 5 कि0ग्रा0 बरसीम (हरा चारा), 1 किलो ग्राम सान्द्र आहार के बराबर होता है। |